खण्ड-14 संख्या-4

# बिहार विधान-सभा वादवृत्त

( भाग-1 कार्यवाही प्रश्नोत्तर )

शुक्रवार, तिथि 25 जनवरी, 1985 ई० ।

## विषय-सूची


| | पृष्ठ |
|---|---|
| प्रश्नों के लिखित उत्तर—अष्टम बिहार विधान-सभा के त्रयोदश सत्र के अनागत प्रश्नोत्तरों का सभा पटल पर रखा जाना | 1 |
| प्रश्नों के मौखिक उत्तर— | |
| अल्प-सूचित प्रश्नोत्तर संख्या—15, 16, 18, 21 | 1—6 |
| तारांकित प्रश्नोत्तर संख्या—86, 87, 88, 92, 97, 116, 120, 121, 122, 123, 127, 128 | 7—27 |
| परिशिष्ट—( प्रश्नों के लिखित उत्तर ) : | 28—274 |
| दैनिक निबंध: | 275 |


टिप्पणी —किन्हीं मंत्रियों एवं सदस्यों ने अपना भाषण संशोधित नहीं किया है ।

12, 15, 17, 25, 27, 28, 29, 34 एवं 36, 37, 39, 45 कार्यरत नहीं रहने के कारण भी उन्हें प्रबन्धकीय अनुदान स्वीकृत किया गया है;

(3) यदि उपरोक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कार्यरत समितियों को अधिक-से-अधिक मात्रा में हिस्सा पूँजी अंशदान एवं प्रबन्धकीय अनुदान की स्वीकृति करना चाहती है, यदि हाँ, तो कब तक और नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, सहकारिता विभाग—(1) उत्तर अस्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर अस्वीकारात्मक है।

(3) उपर्युक्त खण्ड (1) एवं (2) के उत्तर के आलोक में यह प्रश्न नहीं उठता।

---

पैसे की वापसी।

खा-15. श्री लालू प्रसाद यादव—क्या मंत्री, खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग, यह बात बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गणेश दत्त रोड, सी० सी० स्टोर (पटना विश्वविद्यालय) के द्वारा भण्डार निर्गमादेश फारम (स्टोर इसू फारम) संख्या 775578, दिनांक 25 जनवरी, 1984 को 15 टीन पाम आयल का दाम 2,545.95 रु० प्रत्येक टीन का वजन 15 किलो 500 ग्राम की दर से 232 किलो 500 ग्राम आपूर्ति करने के लिए जमा किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि 15 टीन पाम आयल की आपूर्ति दिनांक 3 फरवरी, 1984 को प्रत्येक टीन का वजन 15 किलो की दर से 225 किलो की गई;

(3) क्या यह बात सही है कि जमा रुपया में से 7 किलो 500 ग्राम पाम आयल वजन में कम आपूर्ति किया गया;

(4) क्या यह बात सही है कि सचिव, गणेश दत्त रोड, सी० सी० स्टोर ने 7 किलो 500 ग्राम पाम आयल कम आपूर्ति की सूचना दी पर आज तक पाम आयल की आपूर्ति नहीं की गई;

(5) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गणेश दत्त रोड, सी० सी० स्टोर को 7 किलो 500 ग्राम पाम आयल की कीमत 82 रु० 20 पैसा लौटाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कब तक, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, खाद्य, आपूर्ति एवं वाणिज्य विभाग—(1) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(2) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(3) चूंकि भारत सरकार द्वारा अब 15 किलो 500 ग्राम के शुद्ध वजन के पाम आयल टीनों के स्थान पर 15 किलो ग्राम शुद्ध वजन के टीनों की ही आपूर्ति की जा रही है। अतः टीन में पाम आयल की कम मात्रा का प्रश्न ही नहीं उठता है, जब इन टीनों में 15 किलो शुद्ध वजन का ही माल भरा जाता है।

(4) उत्तर स्वीकारात्मक है।

(5) गणेश दत्त रोड, सी० सी० स्टोर, पटना के पक्ष में 7 किलो 500 ग्राम की कीमत का भुगतान कर दिया गया है।

---

टैंक बनाने का विचार।

क-86. श्री सत्यदेव नारायण आर्य—क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के राजगीर प्रखण्ड के कार्यान्तर्गत बेगनाँव भदारो, मनियावाँ, परको धरहरा ग्रामों में पेय जलापूर्ति हेतु हाई इस्डोंग वाटर सप्लाई टैंक बनाने की योजना चार वर्षों से लम्बित है;

(2) क्या यह बात सही है कि बिहार शरीफ प्रखण्ड के पासा ग्राम में हाई इस्डोंग वाटर सप्लाई योजना 1977 से लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त कार्य को शीघ्र कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

प्रभारी मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग—(1) उत्तर नकारात्मक है। प्रश्नान्तर्गत ग्रामों के लिए कोई भी पाईप जलापूर्ति योजना सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(2) उत्तर नकारात्मक है। प्रश्नान्तर्गत ग्राम के लिए कोई पाईप जलापूर्ति योजना सरकार के विचाराधीन नहीं है।

(3) प्रश्न खण्ड (1) एवं (2) के उत्तर से स्थिति स्पष्ट है।

---